## एक नजर में



### मंदिर, झांकी पण्डालों में लग रहा तांता

**करनवास 29 सितम्बर, सं.** करनवास में अनेक स्थानों पर झांकी पाण्डाल लगाकर प्राण प्रतिष्ठा की है . बस स्टैंड रेलवे कॉलोनी मैं झांकी पाण्डाल में कालका माता की विशाल प्रतिमा स्थापित की है . यहां रात्रि 9 बजे महाआरती, प्रसादी वितरण के साथ धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे है . गांव में रामलीला चौक सहित अनेक स्थानों पर झांकी लगी है . देर रात्रि तक मंदिरों एवं झांकी पाण्डालो में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है .

### आशापुरी से सुख समृद्धि की की कामना

**पड़ाना 29 सितम्बर, सं.** सोमवार मध्य प्रदेश शासन के कौशल विकास स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल शारदेय नवरात्रि पर्व के दौरान क्षेत्र की आस्था का केंद्र प्राचीन मां आशापुरी जो की स्टेट कालीन के पूर्व से स्थापित आशापुरी धाम पहुंचे . जहां श्री टेटवाल माता रानी की पूजा पाठ कर प्रदेश में सुख समृद्धि की कामना करते हुए माता रानी को चुनार व प्रसाद चढ़ाई जहां मंदिर पुजारी सोनू शर्मा द्वारा विधिवत पूजन संपन्न करवाई इस मौके पर शेखर शर्मा निर्मल जैन अनिल कुमार सोनी राजेश यादव जगदीश ओम परमार सहित तूकोगंज एवं पडाना सरपंच इत्यादि ने भी मातारानी की पूजा अर्चना की .

### वैष्णो देवी मंदिर पहुंची चुनर यात्रा



**छापीहेड़ा 29 सितम्बर, सं.** नगर में रविवार दोपहर 3 बजे चौथे वर्ष चुनर यात्रा नवरात्रि पर्व पर वार्ड क्रमांक 8 माली मोहल्ला स्थित लाल माता मंदिर से पूजा अर्चना कर ढोल धमाकों तथा डीजे के साथ चुनर यात्रा निकाली गई . चुनर यात्रा में महाराज ध्वज लेकर घोड़े पर सवार होकर चल रहे थे . सैकड़ो महिलाएं चुनार लेकर 51 मी चुनार लेकर चल रही थी . नगर के मुख्य मार्गो से तालाब परिसर, बाजार चौक पाटीदार मोहल्ला बस स्टैंड आदि मुख्य मार्ग से होकर नाचते गाते चल रहे थे जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया . चुनर यात्रा वैष्णो देवी मंदिर सिकंदरी जोड़ पर पहुंची जहां पर मां को चुनरी चढ़कर महाआरती की .

# चुनरी यात्रा में श्रद्धा, भक्ति का अद्भुत नजारा

## शीतला माता मंदिर से वैष्णोदेवी धाम पहुंची चुनरी यात्रा

**विशाल चुनरी यात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब**

**नवरात्रि में निकाली जा रही हैं जगह-जगह चुनरी यात्राएं**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 29 सितम्बर, का. नवरात्रि के पावन अवसर पर जिले भर में चुनरी यात्राएं निकाली जा रही है. सोमवार को नगर में विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई. शीतला माता मंदिर से चुनरी यात्रा माँ वैष्णोदेवी मंदिर धाम पहुंची जहां माता रानी को चुनरी ओढ़ाई गई. माता रानी को चुनरी ओढ़ाने भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा.**

गौरतलब है कि शारदीय नवरात्रि में भक्त माता रानी की आराधना में सराबोर है. देवी मंदिरों एवं झांकी पाण्डालो में दर्शन करने हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है. धार्मिक अनुष्ठान, आयोजन हो रहे है. सोमवार को नगर में हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में पारंपरिक विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई जिसका साक्षी बनने सैलाब उमड़ पड़ा.

बीते कई वर्षो से शारदीय नवरात्रि में हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में नगर में विशाल चुनरी यात्रा निकाली जा रही है. इस बार चुनरी यात्रा की संयोजिका पार्षद रुचि रवि बड़ोने तथा सह संयोजिका वर्षा मंगल एवं लाडकुंवर केलवा रहे. हिन्दू उत्सव समिति द्वारा चुनरी यात्रा के सफल आयोजन में सभी के मिले सहयोग पर आभार व्यक्त किया गया है.

### बड़े, बच्चे सभी हुए शामिल

नगर भर में नवरात्रि पर्व की धूम है . लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा है . चुनरी यात्रा में युवा, बड़े, बच्चे सभी काफी उत्साह के साथ शामिल हुए . सोमवार शाम शीतला माता मंदिर से चुनरी यात्रा प्रारंभ हुई जो सुठालिया रोड, मैन मार्केट, जगात चौक, जूना ब्यावरा, इंदौर नाका होते हुए पुराना ए .बी .रोड से पीपल चौराहा, पुराना बस स्टेण्ड होते हुए लम्बी दूरी तय कर माँ वैष्णोदेवी मंदिर पहुंची जहां माता रानी को चुनरी ओढ़ाई गई .

### जिले भर में निकल रहीं यात्राएं

रविवार को राजगढ़ में विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई . इसके पूर्व नगर में पंचशील कॉलोनी राजगढ़ रोड, भंवरगंज सहित अन्य जगह से चुनरी यात्राएं निकाली जा चुकी है .



## जामवंत ने याद दिलाई हनुमान को अपने बल और शक्ति की

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 29 सितम्बर, सं.** जामवंत ने हनुमानजी को उन बल शक्ति याद दिलाई जिसे स्मरणकर हनुमान जी ने समुद्र लांघकर लंका में प्रवेश किया. लंका में विभीषण से भेंट हुई. विभीषण ने सीता माता के अशोक वाटिका में होने का बताया. माता के पास पहुंचकर हनुमान ने कहा कि माता राम ने आपकी खोज में भेजा है तथा पहचान स्वरूप आभूषण दिये. रावण मंदोदरी अशोक वाटिका पहुंचे. रावण ने क्रोधित होकर तलवार निकाली लेकिन मंदोदरी ने रावण को ऐसा करने से रोक लिया. ओर रावण क्रोधी ठोकर सीता माता को एक माह का समय देते हुए चला गया. हनुमान जी ने माता सीता से फल खाने की आज्ञा लेकर अशोक वाटिका के फल खाए और अशोक वाटिका को उजाड़ा. ऐसे में रावण ने हनुमान जी की पूंछ में आग लगवाई हनुमान ने जली हुई पुंछ से लंका को जलाया. श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल के अध्यक्ष दिनेश पुरोहित, राम-दिलीप जमींदार, लक्ष्मण-प्रकाश गोंड, हनुमान- अशोक सेन, रावण अशोक दांती के साथ आज के प्रसंग में व्यास गादी गोपाल आचार्य, बालमुकुंद वैष्णव, जामवंत- शिवजी नाथ, विभीषण-प्रेमसिंह दांगी, लंकनी-नंदकिशोर चौहान, संपाति-मोहनलाल वर्मा, अंगद-संजय गोंड, मेघनाथ-राजेश दांती, मंदोदरी-कुशाल मालवीय एवं वानर सेवा में प्रज्जवल शर्मा , नमन, स्वप्निल, हर्षित, लोकेश, जीतन कुंभकार, विष्णु आदि अपनी कलाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया.

## चैतन्य देवियों की विभिन्न रूपों में झांकी सजाई




नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 29 सितम्बर, सं. नवरात्री के छटवे दिन मां दुर्गा के भिन्न भिन्न रूपों की चैतन्य झांकिया सजाई गई.**

झांकियों की शुरूआत पूर्व विधायक रामप्रसाद दांगी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष बद्रीलाल दांगी,जय श्री कृष्ण ग्रुप, मां फलोदी नवरात्रि उत्सव समिति एवं ब्रह्माकुमारी नीलू दीदी, ब्रह्माकुमारी वैशाली दीदी ने दीप प्रज्वलन कर किया. सभी उपस्थित भक्तजनों ने देवियों के दर्शन कर आशीर्वाद लिया. देवियों के रूप में सुसज्जित ब्रह्माकुमारी दीदियों ने सभी श्रद्धालुओं को दर्शन दिए.

## शीतला माता मंदिर से मां दयालु को ओढ़ाई चुनरी



नवभारत न्यूज

**पचोर 29 सितम्बर, सं. शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में शीतला माता मंदिर से पूजा अर्चना के साथ चौदहवीं चुनरी यात्रा निकाली गई. चुनरी यात्रा का नगर में नागरिकों द्वारा श्रद्धा भक्ति के साथ स्वागत एवं पुष्प वर्षा करके स्वागत किया.**

चुनरी यात्रा में बड़ी सख्या में नागरिक माता बहने सम्मिलित हुई. 4 किलोमीटर चलकर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सिद्ध पीठ दयालु मंदिर पर 102 फीट चुनरी मां दयालु माता को अर्पण की. पश्चात महा आरती की जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित रहे. महा आरती के पश्चात भंडारे का आयोजन हुआ. जिसमें बड़ी संख्या में भक्त जनों ने प्रसादी ग्रहण की.

चुनरी यात्रा में सांसद ने पूजार्चना की. इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोडिया, मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित, रघुराज राणा, बृजेश तिवारी, एडवोकेट बद्री लाल भंडारी, दामोदर सिंह लहरी, पुरुषोत्तम वैष्णव, बृजेश विजयवर्गीय, रवि शर्मा सहित बड़ी संख्या नागरिक उपस्थित रहे.

## खेराबाद में टीम सखी ने मां फलौदी को चढ़ाई चुनर

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 29 सितम्बर, सं.** टीम सखी मेडतवाल मातृशक्ति द्वारा समाज कि कुलदेवी मां फलोदी को बड़ी संख्या में समाज बंधुओं ओर मातृशक्ति द्वारा रामगंजमंडी गोवर्धननाथ मंदिर से चुनर शोभायात्रा निकाली जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए मां फलोदी धाम पहुंची जहा माता रानी को चुनर ओढ़ाई.

ढोल बाजे के साथ नाचते गाते माता के जयकारे के साथ 3100 मीटर लंबी चुनर चढ़ाई गई. टीम सखी संयोजिका श्रीमती कृष्णा गुप्ता रावतभाटा, श्रीमती कुसुम जमींदार जीरापुर, श्रीमती कामाक्षी गुप्ता भवानी मंडी, श्रीमती आशा आंचोलिया खैराबाद ने बताया कि रविवार दोपहर दो बजे गोवर्धन नाथ मंदिर रामगंज मंडी से मां फलोदी की पूजन अर्चन के बाद शोभायात्रा यात्रा समाज की मातृशक्तियो द्वारा हरि झंडी दिखाकर मंदिर खैराबाद धाम तक रवाना की. मातृशक्ति लाल केसरिया परिधान में श्वेत वस्त्र में पुरुष वर्ग डांडिया नृत्य से माता को नमन करते चल रहे थे. मातृशक्ति का रामगंज मंडी में समाज बंधुओं द्वारा स्वागत किया. शोभायात्रा में ड्रोन से पुष्प वर्षा की गई.



## जिले भर में सजा है मां का दरबार


















**मानस प्रसंग** ग्राम करेड़ी के शीतला माता मंदिर धाम से पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुई 251 मीटर की चुनरी यात्रा

# 18 किमी पैदल चलकर मां जालपा धाम पहुंची चुनर यात्रा

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 29 सितम्बर, का. करेड़ी में धार्मिक उत्साह और भक्ति भाव से ओत-प्रोत वातावरण उस समय देखने को मिला, जब सोमवार को परंपरागत चुनर यात्रा धूमधाम से निकाली गई. यह भव्य यात्रा नगर के शीतला माता मंदिर धाम से पूजा-अर्चना के साथ आरंभ हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए. महिलाओं, युवतियों, बालिकाओं और ग्रामीणों की अगुवाई में यह चुनर यात्रा 18 किलोमीटर पैदल सफर तय कर मां जालपा धाम पहुँची.**

इस दौरान श्रद्धालुओं ने 251 मीटर लंबी चुनर अपने कंधों पर रखकर धार्मिक गीतों और जयकारों के साथ यात्रा को मंगलमय बनाया. ग्रामीण अंचल की गलियों और मार्गों से गुजरती इस चुनर यात्रा का जगह-जगह विभिन्न मंचों से पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया. कई सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने श्रद्धालुओं को स्वल्पाहार व पेयजल की व्यवस्था कर यात्रा को सफल बनाने में सहयोग दिया.

यात्रा में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक माता रानी की जयकारों में डूबे नजर आए. रंग-बिरंगे ध्वज, ढोल-ढमाकों की गूंज और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप से पूरा वातावरण भक्ति रस में सराबोर हो उठा. इस चुनर यात्रा ने न केवल धार्मिक आस्था को प्रकट किया, बल्कि आपसी भाईचारे और एकता का अद्भुत उदाहरण भी प्रस्तुत किया.

मां शैलपुत्री नवदुर्गा उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में यह चुनर यात्रा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है.

यात्रा में विशेष रूप से रामबाबू पुष्पद, अंकित वर्मा, अजय वर्मा, विष्णु प्रजापति, पवन पुष्पद, मनोज सेन, सुरेश मालवीय, मुकेश गुप्ता सहित अनेक ग्रामवासी शामिल रहे. मां जालपा धाम पहुँचकर भक्तों ने चुनर अर्पित कर माता रानी से सुख-समृद्धि की कामना की. इस अवसर पर ग्रामीणों ने कहा कि चुनर यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह हमारी परंपरा, संस्कृति और सामूहिक एकजुटता का प्रतीक है.



### शिशु मंदिर में बहनों का किया कन्या पाद पूजन

**सुठालिया 29 सितम्बर, सं.** सरस्वती शिशु मंदिर में समस्त कन्याओं का कन्या पाद पूजन किया एवं सभी कन्याओं को भोजन कराया गया. कन्या पाद पूजन समिति के सदस्यों एवं आचार्य दीदी, भैया- बहनों ने किया. बहनों को देवी मां के नौ स्वरूप बनाए गए एवं उनकी पूजन की. सभी कन्याओं को समिति सदस्य अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, विपिन मिश्रा, अतुल विश्वकर्मा, प्रियंका सक्सेना, रीना सोनी ने सभी कन्याओं को चुनरी ओढ़ाई कुमकुम तिलक लगाकर आर्शीवाद लिया.

